# सड़क निर्माण में पीडब्लयुडी की मनमानी, व्यापारियों ने किया बाजार बंद

## सोमवार को व्यापारियों के साथ बैठक कर लिया जाएगा निर्णय


चौपड़ सर्किल के आस-पास के व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।

**हिण्डौन सिटी, (का.सं.)।** शहर के चौपड़ सर्किल से जयपुर तक हो रहे सड़क निर्माण में सार्वजनिक निर्माण विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने शनिवार को अपने प्रतिष्ठान बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया इस दौरान उपखंड अधिकारी की ओर से निर्माण कार्य को रुकवाने और व्यापारियों के साथ बैठक कर उचित निर्णय लेने के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने बाजार खोलें।

व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अनिल गोयल सहित दौलत कटारिया, टीकम पंसारी, ओमी धाकड़, नरेंद्र कुमार सहित दर्जनों व्यापारियों ने शहर के चौपड़ सर्किल से डेम्प तक सड़क का निर्माण कार्य हो रहे हैं । व्यापारियों का कहना है कि इस सीसी सड़क निर्माण में पुरानी सड़क को हटाए बिना उसी के ऊपर सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। विरोध जताया व्यापारियों का कहना है कि बार-बार सड़क के ऊपर फिर से सड़क निर्माण होने से सड़क ऊंची हो जाएगी और व्यापारियों की दुकाने नीचे रह जाएंगी। जिससे उनमें पानी भरने की भी संभावना रहेगी।

व्यापारियों का कहना है कि नियमानुसार पुरानी सड़क की खुदाई कर नई सड़क के निर्माण का कार्य किया जाना चाहिए। लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत के चलते मनमानी बरती जा रही है और ठेकेदार की ओर से पुरानी जर्जर सड़क को हटाए बिना उसी के ऊपर सड़क निर्माण शुरू कर दिया है । इस मामले को लेकर व्यापारियों ने शनिवार को बाजार बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी इस मामले को लेकर उपखंड अधिकारी अनूप सिंह के निवास पर पहुंच गए। जहां उन्होंने उपखंड अधिकारी को समस्या से अवगत कराया और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर मनमानी के आरोप लगाए। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष गोयल ने कहा कि सोमवार को अगर प्रशासन व्यापारियों के पक्ष में निर्णय नहीं लेता है तो फिर से अपने बाजार बंद कर देंगे और उनके समर्थन में शहर के सभी बाजार बंद हो सकते हैं। उन्होंने सभी व्यापारियों से इस मामले को गंभीरता से लेने की अपील की है।

■ उपखंड अधिकारी ने निर्माण कार्य रुकवाया

# व्यापारी के अपहरण की योजना बनाते हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

## प्लानिंग के तहत हरियाणा-पंजाब से दो शूटर भी बुलवाये थे


मांडल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र के भगवानपुरा गांव में एक व्यापारी को अगवा कर फिरौती वसूलने की वारदात को अंजाम देने से पूर्व ही पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद की है। बता दें कि आरोपित ने इस प्लानिंग के तहत हरियाणा-पंजाब से दो शूटर भी बुलवाये थे, जो दो चार दिन यहां रुके।

मांडल पुलिस के अनुसार, 4 फरवरी को मांडल पुलिस को मुखबिर से सूचा मिली कि हरिपुरा निवासी जगदीश कुमावत व उसका साथी भगवानपुरा निवासी पान की दुकान संचालक प्रवीण वैष्णव, दशरथ रावत सभी मिलकर भगवानपुरा के एक व्यापारी का अपहरण कर फिरौती वसूलने की योजना बना रहे हैं। इन लोगों ने वारदात को अंजाम देने के लिए पंजाब-हरियाणा क्षेत्र के शूटर भी बुलाये थे। ये लोग काफी दिन से रैकी कर वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। जगदीश के पास अवैध पिस्टल भी है, जो मांडल-भगवानपुरा, हरिपुरा के बीच घूमकर व्यापारी के आने जाने की रैकी कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने एक टीम का गठन किया। टीम ने खुफिया तंत्र और सूचना संकलन कर हरिपुरा निवासी हिस्ट्रीशीटर जगदीश पुत्र जगन्नाथ कुमावत को दबोचा। उसके पास एक पिस्टल मिली, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया। कुमावत ने बताया कि उसने स्वयं व उसके दोस्त दशरथ सिंह पुत्र उदयसिंह रावत निवासी दिवेर, राजसमंद, प्रवीण वैष्णव निवासी भगवानपुरा, भंवर गुर्जर निवासी कटार ने मिलकर भगवानपुरा गांव के एक व्यापारी का अपहरण कर फिरौती वसूलने की प्लानिंग बनाई। इसके लिए पंजाब-हरियाणा से पहले दो शूटर भी बुलवाये, जो दो-चार दिन रुककर वापस चले गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर हिस्ट्रीशीटर जगदीश को गिरफ्तार कर लिया। मांडल पुलिस ने बताया कि आरोपित हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ पूर्व में 2013 से 2021 तक 7 मामले दर्ज है। इनमें से 4 मांडल, 2 रायला व एक भीमगंज थाने में दर्ज हैं।

खबर का असर

# ब्लास्टिंग की शिकायत पर माइनिंग फोरमैन ने मौका निरीक्षण किया


पाटन क्षेत्र में अवैध रूप से खुलेआम ब्लास्टिंग कर खनन कार्य किया जा रहा है।

**पाटन, (निसं)।** करजो रोड पर स्थित आशा देवी कॉलेज के सामने खनन पट्टा संख्या 191/1993, 192/1993 वास्ते चेजा पत्थर का खनन कार्य हो रहा था। जिसको लेकर ग्रामीणों व खनन कार्य से जुड़े लोग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। लीज एरिया के नजदीक बने मकान मालिक जयप्रकाश यादव कि शिकायत पर सहायक खनिज अभियन्ता ने माइनिंग फौरमेन को मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए।

शिकायत कर्ता को फोन के माध्यम से मौके पर आने को कहा,लेकिन जयप्रकाश यादव ने आने मे असमर्थता जाहिर की। हालांकि बाद मे जयप्रकाश यादव खनन स्थल पर उपस्थित हुए। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध रूप से भारी मात्रा में बारूद इकट्ठे कर खुलेआम भारी ब्लास्टिंग कर खनन कार्य किया जा रहा है। खनन कार्य बहुत ही नजदीक से होने से वहां 100 मीटर दूर आसपास में रह रहे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से व खनिज अभियंता को भी शिकायत लिखी। खनिज अभियंता ने मौके पर अपने सहायक प्रतिनिधि को भेज कर जांच करवाई। जांच अधिकारियों ने भी साफ तौर पर लिख दिया कि खनन कार्य अवैध रूप से किया जा रहा है। यहां माइंस मैनेजर की भी कोई नियुक्ति नहीं है ना ही ब्लास्टिंग की परमिशन दिखा सके हैं। यहां पर ब्लास्टिंग के अवैध खनन कार्य के निशान पाए गए हैं। उन्होंने कार्रवाई करते हुए खनिज अभियंता को नोटिस देने की बात भी कही है। दूसरी ओर खनन पट्टाधारी के प्रतिनिधि दारका प्रसाद मीणा ने कहा हम लोग हल्की ब्लास्टिंग कर रहे हैं।

लोगों ने बताया कि उनके घर में दरारे भी पड़ गई है। घर में बैठे होने पर कभी भी हादसा हो सकता है। खेतों में आवाजाही करने पर भी डर लगने लगा है। निहाल सिंह यादव ने बताया कि उसका मकान लीज एरिया से महज 100 मीटर दूरी पर है तथा खनन करने वाले लोग ब्लास्टिंग की कोई सूचना न देकर व निश्चित समय नहीं होने पर कभी भी ब्लास्टिंग करना हमारे लिए खतरों से खाली नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों ने खनन कार्य को बंद करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस क्षेत्र में अवैध रूप से भारी मात्रा में बारूद इकट्ठे कर खुलेआम भारी ब्लास्टिंग कर खनन कार्य किया जा रहा है।

■ सहायक खनिज अभियन्ता ने माइनिंग फौरमेन को मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए

# भीलवाड़ा में बदमाशों ने युवक को चाकू मारा, एक हिरासत में

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बडलियास थाना क्षेत्र में बाइक चोरी करने आए बदमाशों ने युवक को चाकू मार दिया। आस-पास के लोगों ने एक हमलावर को पकड़ा और दो बदमाश भागने में सफल रहे। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। बड़लियास थाना प्रभारी राजेंद्र ताड़ा ने बताया कि सवाईपुर कस्बे में रहने वाले राधेश्याम जाट की बाइक घर से बाहर खड़ी थी। शनिवार तड़के चार बदमाशों ने बाइक चोरी का प्रयास किया। मकान मालिक जाट ने चोरों को देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। एक बदमाश ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। आवाज सुनकर पड़ोसियों के आने पर दो बदमाश भाग गए। एक हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। चाकू के हमले से मकान मालिक को काफी चोटें आई हैं। पुलिस भागे बदमाशों की तलाश कर रही है।

# जगन गुर्जर की तलाश में पुलिस ने राजस्थान, यूपी और एमपी में चलाया सर्च अभियान


50 हजार रुपये के इनामी बदमाश जगन की तलाश में पुलिस ने बीहड़ों की खाक छानी।

**धौलपुर, (निसं)।** सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा सहित कुछ समाज विशेष को अपशब्द कहने वाला 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश जगन गुर्जर पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया है। इसे लेकर पुलिस की करीब आधा दर्जन विशेष टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही हैं। लेकिन जगन गुर्जर पुलिस के हाथ नहीं आ रहा है।

जगन गुर्जर की गिरफ्तारी के लिए शनिवार को भी पुलिस ने धौलपुर के डांग इलाके सहित मध्य प्रदेश के मुरैना क्षेत्र, राजस्थान के करौली तथा उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में सर्च अभियान चलाया। लेकिन फिर भी पुलिस के हाथ खाली रहे। धौलपुर एसपी शिवराज मीणा ने बताया कि पुलिस की विशेष टीमों ने चंबल नदी के दोनों किनारे राजस्थान और मध्य प्रदेश की तरफ तथा उत्तर प्रदेश के आगरा जिले और राजस्थान के करौली जिले में सर्च अभियान चलाया लेकिन अभी तक जगन गुर्जर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है, वह जल्दी ही पकड़ा जाएगा।

दूसरी तरफ कोतवाली थाना पुलिस द्वारा जगन गुर्जर के संपर्क में रहने वाले एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 1 अवैध देसी कट्टा और 2 जिंदा कारतूस भी जप्त किए गए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी अध्यात्म गौतम ने बताया कि आरोपी रवि पुत्र बंटी गुर्जर निवासी मसूदपुर थाना सराय छोला जिला मुरैना को आईटीआई के पास मचकुंड रोड धौलपुर से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इनामी बदमाश जगन गुर्जर के संपर्क में रहा है।

# दो डोडा पोस्त तस्करों को दबोचा

**चूरू, (कासं)।** रतननगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त की तस्करी कर रहे दो जनों को ट्रक सहित दबोचा है। पुलिस के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक रेंज बीकानेर द्वारा चलाये जा रहे अवैध नशे के खिलाफ प्रहार अभियान में पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद जिला चूरू के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू योगेन्द्र फौजदार के निर्देशन व पुलिस उप अधीक्षक चूरू ममता सारस्वत के सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना रतननगर सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में हरीदान हैडकानि, धर्मेन्द्र कानि, मुकेश कुमार कानि, कपिल कानि, आनन्द कानि, मुनेश कानि, ओमप्रकाश कानि, बनवारी द्वारा आज नाकाबन्दी के दौरान एनएच 52 उंटवालिया चोराहा से ट्रक द्वारा तस्करी कर डोडा पोस्त ले जा रहे गगनदीप पुत्र मेजर सिंह निवासी लांबा, रतिया, फतेहाबाद हरियाणा व बलविन्द्रसिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी चिम्मोंया, फतेहाबाद हरियाणा को अवैध 4 क्विंटल 25 किलो डोडा पोस्त व चुरा की तस्करी करते हुये को गिरफ्तार किया गया।

इन तस्करों ने उक्त ट्रक के डाला में केलों के नीचे डोडा पोस्त छुपाया हुआ था। पूछताछ में पता चला है कि ये तस्कर डोडा चुरा मध्यप्रदेश से लेकर आ रहे थे तथा तस्करी कर हरियाणा ले जा रहे थे। ये लोग कब से तस्करी कर रहे हैं व पहले के आपराधिक रिकॉर्ड बाबत जांच की जा रही है। कार्यवाही करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक चूरू के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। जब्तशुदा डोडा पोस्त की बाजार कीमत लगभग बीस लाख रुपये है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र पर नहीं मिलती एएनएम

**मंडार, (निसं)।** राज्य तथा केन्द्र की सरकार हर रोज इस महामारी से बचने का नित नया जतन कर रही हैं। हालांकि कोविड-19 बिमारी के तीसरी लहर का असर सिरोही जिले में भी देखने को मिल रहा हैं। जिसके कारण लोग पॉजिटीव भी आ रहे हैं। आमजन की देखभाल के लिए जिला मुख्यालय पर सिरोही का चिकित्सा विभाग भले ही मुस्तैद हो मगर ग्रामीण क्षेत्र में विभाग की उदासीनता साफ नजर आ रही हैं। जिसके चलते राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली सरकारी सुविधाओ का लाभ ग्रामीण अंचलो के लोगो को नहीं मिल रहा हैं।

**रायपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र एक माह से राम भरोसे :-** रेवदर उपखंड मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर तथा मंडार से बीस किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत रायपुर के राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र पर पिछले करीब एक माह से एएनएम (ऑक्जिलरी नर्सिंग मिडवाईफरी) का पद खाली पडा हैं। जानकारी के अनुसार रायपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र पर दो एएनएम अपने पद पर कार्यरत थी। हालांकि दोनो का एक साथ तबादला होने पर वर्तमान में पोस्ट खाली हैं। इधर कोरोना जैसी बिमारी चल रही हैं, बावजूद चिकित्सा विभाग द्वारा काफी समय से एएनएम की नियुक्ती नहीं करने के कारण ग्रामीणो सहित मरीजो को काफी परेशानीयो का सामना करना पड रहा हैं। फिर भी विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।

वहीं ग्रामीणो ने बताया की आसपास के करीब सात गांवो के अंदर एक मात्र रायपुर कस्बे में उप स्वास्थ्य केन्द्र हैं जो यहा पर ईमेर्जेसी में छोटी-बड़ी बिमारी का निजी उपचार करवाने पर हल्की राहत मिल जाती थी। परंतु वर्तमान में केन्द्र पर पोस्ट खाली होने के कारण मजबूरन प्राईवेट अस्पताल अथवा गुजरात जाना पडता हैं। जिससे समय के साथ- साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पडता हैं। इधर उप स्वास्थ्य केन्द्र पर एएनएम नहीं होने के कारण प्रेक्टीस (ट्रेनिंग) करने वाले मरीजो से ईलाज के नाम पर चांदी कूट रहें हैं।

इस सम्बंध में डॉ. राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही का कहना है कि पांच दिन पूर्व एक एएनएम को लगाया गया था और उसने ज्वाईन भी कर लिया हैं। अभी तक ड्यूटी पर नहीं लगी है तो मैं पता करवाता हूँ।

# बारातियों से भरी गाड़ी सड़क पर कई बार पलटी, दो घायल बीकानेर रैफर

**बीकानेर, (कासं)।** बारात के साथ जा रही एक गाड़ी के पलटने से आठ लोग घायल हो गए। इनमें से दो को गंभीर चोट लगने पर बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रैफर किया गया है। जहां ट्रोमा सेंटर में उनका इलाज चल रहा है। ये हादसा स्कोर्पियो गाड़ी के पलटने से हुआ। सभी घायल श्रीडूंगरगढ़ के बताये जा रहे हैं।

दरअसल, श्रीडूंगरगढ़ से विवाह में हिस्सा लेने के लिए कुछ गाड़ियां नोखा आई थी। इन्हीं में एक स्कोर्पियो गाड़ी थी। रास्ते में अनियंत्रित होने के कारण स्कोर्पियो पलट गई। उसमें सवार सभी आठ लोगों को चोटें आई हैं, इसमें दो गंभीर घायल है। घायलों में राजेडू गांव के तेजपाल पुत्र हनुमानाराम के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे नोखा के अस्पताल ले जाया गया, जहां से पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर रैफर कर दिया गया है। वहीं, लिखमीदेसर उतारा के रहने वाले गौरीशंकर पुत्र हजारीराम के पैर में चोट लगी है। पैर में फैक्चर हो गया है। इस हादसे में स्कोर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की जानकारी मिलने के साथ ही बारातियों में भगदड़ मच गई। सभी अपने अपने परिचितों को ढूंढ ने लगे। बाद में बारात के लिए तैयार हुए दूल्हे के परिजन अस्पताल में दौड़ते नजर आए। शुक्र रहा कि दुर्घटना में किसी की मौत नहीं हुई। बाबूलाल पुत्र मोतीराम जाट निवासी सुरतसिंहपुरा, रामचंद्र पुत्र रामदयाल जाट कल्याणसर नया, अनिल बिश्नोई पुत्र बनवारी लाल सांवतसर, बाबूलाल पुत्र आदूराम जाट इंद्रपालसर बास, तेजपाल पुत्र हनुमानराम राजेडू, नन्दकिशोर पुत्र हनुमानाराम जाट लिखमीसर उतरादा, नंदकिशोर पुत्र हनुमानाराम जाट लिखमीदसर उतरादा, गणेश पुत्र रामलाल लिखमीदसर उतरादा, गौरीशंकर पुत्र हजारीराम लिखमीदसर उतरादा घायल हो गए हैं।

■ श्रीडूंगरगढ़ से विवाह में नोखा आए थे लोग, बारातियों में मची भगदड़

# मुख्यमंत्री गहलोत और राज्यपाल मिश्र की चादर पेश

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी की चादर आज होगी पेश


सीएम अशोक गहलोत की चादर पेश करने जाते प्रतिनिधि।

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाज मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 810वें सालाना उर्स के मौके पर शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्यपाल कलराज मिश्र सहित कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग, इंद्रेश कुमार की चादर पेश की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के प्रतिनिधियों ने दरगाह के बुलंद दरवाजे पर संदेश पढ़ कर सुनाया और देश व प्रदेश में खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। देश व प्रदेश के अकीदतमंद ख्वाजा साहब के दर पर हाजिरी देकर अपनी अकीदत का इजहार कर रहे हैं। दरगाह परिसर में सूफियाना कव्वालियों का दौर दिन-रात जारी है।

सीएम गहलोत की ओर से राजस्थान वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ खानुखान बुधवाली ने ख्वाजा साहब की मजार पर मखमली चादर एवं अकीदत के फूल पेश किए। इस अवसर पर बुलंद दरवाजे पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का संदेश पढ कर सुनाया गया। मुख्यमंत्री के संदेश में सभी देश एवं प्रदेश वासियों को मुबारकबाद दी तथा देश एवं प्रदेश में कौमी एकता अखंडता खुशहाली अमन चैन के दुआ की।

इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के सचिव वाहिद हुसैन अंगारा ने दस्तारबंदी की एवं खादिम यासीर गुर्देजी ने जियारत कराई। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन एवं निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने चादर शरीफ का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।

राज्यपाल कलराज मिश्र द्वार भी भेजी गई चादर शनिवार को उर्स के मौके पर ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश की गई। राज्यपाल मिश्र की चादर उनके राज्यपाल के प्रतिनिधि एडीसी राजर्षि वर्मा द्वारा पेश की और देश-प्रदेश में अमन चैन शांति भाईचारा बना रहे इसे लेकर दुआ की गई। राज्यपाल के प्रतिनिधि एडीसी वर्मा ने बुलंद दरवाजे पर राज्यपाल मिश्र का भेजा संदेश भी पढ़ कर सुनाया। इसी प्रकार कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष आबिद कागजी द्वारा अपने प्रतिनिधि अकबर खान के माध्यम से ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश की और देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक इंद्रेश कुमार द्वारा भेजी गई चादर ख्वाजा साहब की मजार पर पेश की गई। डॉ. इमरान चौधरी इंद्रेश कुमार की चादर लेकर पहुंचे। चादर पेश कर देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। उर्स के चलते दरगाह, दरगाह बाजार, अंदरकोट, नाला बाजार सहित अन्य बाजारों में जायरीन की भीड़ उमड़ रही है। उर्स को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी के साथ जुटा हुआ है। जायरीन की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर सभी इंतजाम किए गए है।

■ देश में खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआ की

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन आबिद कागजी ने आज ख्वाजा गरीब नवाज के 810 वे उर्स के मुबारक मौके पर गरीब नवाज के दरबार में सेकड़ों अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओ के साथ मखमली चादर पेश की एवं देश में अमन व शांति आपसी भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हर वर्ष ख्वाजा साहब के उर्स के मौके पर चढ़ने वाली चादर रविवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी पेश करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्तार अब्बास नकवी दिल्ली से चादर लेकर सुबह 11:30 बजे अजमेर पहुंचेंगे, यहां सूफी परंपरा के अनुरूप ख्वाजा साहब के पवित्र मजार पर प्रधानमंत्री की चादर पेश की जाएगी इसके पश्चात दरगाह के ऐतिहासिक बुलंद दरवाजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ कर सुनाया जाएगा । कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा प्रियंका वाड्रा की ओर से रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी अजय माकन सहित अन्य कांग्रेसी दोपहर 12:30 बजे सोनिया गांधी की चादर लेकर अजमेर पहुंचेंगे।